Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-02-2006

Participants : Shakya Shri Raghuraj Singh

>

Title : Need to take suitable measures to check the increase in price of wheat.

श्री रघुराज सिंह शाक्य (इटावा) : महोदय, सदन के माध्यम से मा0 मंत्री जी का ध्यान आकृट करते हुये मेरा कहना है कि आम जनता के उपयोग में आने वाली वस्तु के दामों में विगत छः माह में 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक वृद्धि हो गयी है, जैसे कि गेहूं के दामों में 50 प्रतिशत तक की बढ़ोत्तरी होने से आम नागरिक के सामने संकट पैदा हो गया है। किसान, गरीब एवं असहाय लोगों को मूल्य वृद्धि होने से बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मूल्य वृद्धि को रोकने के लिए गेहूं आयात करना कोई सार्थक प्रयास नहीं माना जायेगा। इसके लिए गेहूं की उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए नयी तकनीक का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही साथ गेहूं को स्टोरेज करने के लिए बड़े बड़े नयी तकनीक के गोदाम बनाये जायें, जिससे कि समस्या से निजात मिले।